हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025



07 मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति व विश्व शांति महायज्ञ के ...



08 तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, 2 महिलाओं की मौत, 3 गंभीर रेफर



## समाचार संक्षेप

### श्रीमद् भागवत पुराण का श्रवण जीवन के लिए अनिवार्य : पं. रामसेवक शास्त्री

**आरोन।** श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास पंडित रामसेवक शास्त्री ने श्रीमद् भागवत पुराण के महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम एक बार श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। श्रीमद् भागवत प्रत्यक्ष और



अप्रत्यक्ष रूप से भगवान का साकार स्वरूप है। जो श्रद्धालु इसका श्रवण करता है, उसे ज्ञान, वैराग्य और भक्ति की प्राप्ति होती है।पंडित शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत पुराण के श्रवण से मनुष्य पापों से मुक्त होता है। उन्होंने धुंधकारी का उदाहरण देते हुए कहा कि धुंधकारी जैसा महापापी, जो प्रेत योनि को प्राप्त हो गया था, श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्रेत योनि से मुक्त हो गया था। यह श्रीमद् भागवत की महिमा का जीवंत प्रमाण है।उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चतुर्थ वर्ष में माँ पीताम्बरा सेवा समिति, आरोन के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक गोस्वामी उत्सव वाटिका, टॉकीज गली, आरोन में आयोजित हो रही है। धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ ले।

### शीत लहर का बढ़ता प्रकोप, नागरिकों ने नगर परिषद से चौक-चौराहों व बस स्टैंड पर अलाव जलाने की उठाई मांग

**आरोन।** क्षेत्र में शीत लहर का असर लगातार तेज होता जा रहा है। मौसम विभाग ने भी इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई है। सुबह और शाम के समय बढ़ती ठंड के कारण आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासतौर पर सुबह काम पर निकलने वाले मजदूरों, बस स्टैंड पर यात्रियों का इंतजार करने वालों, ठेले-खोमचे लगाने वाले दुकानदारों तथा राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ठंड से बचाव को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से मांग की है कि प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर शीघ्र अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था की जाए। नागरिकों का कहना है कि ठंड के मौसम में नगर परिषद द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती रही है, जिससे आम लोगों को राहत मिलती थी, लेकिन इस वर्ष अभी तक नगर परिषद द्वारा कोई इंतजाम नजर नहीं आ राहें है।नागरिकों ने नगर परिषद से शीघ्र संज्ञान लेकर ठंड से राहत हेतु आवश्यक कदम उठाने की अपील की है, ताकि शीत लहर के चलते किसी भी नागरिक को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। अधिकार पूर्ण अनुरोध करने वालों में आवेद खान, खुर्रम खान, दीपक जैन ब्रदर, दिलबर खान, जैकी बागड़ी, रामजीवन धाकड़, डॉ. नीलेश जैन, शाहरुख खान, के.के. सरकार, गोलू जैन झंडा, मोनू भाई जी, सोनू पारस, सचिन पान, बल्लू सेन,वीरेंद्र होटल, लाल होटल सहित अनेक नागरिकों के नाम शामिल हैं।

### चलती ट्रेन में चढ़ते हुए गिरी महिला प्लेटफॉर्म और पटरी के बीच फंसने से टली बड़ी अनहोनी

**गुना।** सोमवार सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया। बीना-नागदा पैसेंजर ट्रेन में चढऩे के प्रयास के दौरान एक 25 वर्षीय महिला यात्री का पैर फिसल गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अचानक फिसला पैर और हो गया हादसा जानकारी के अनुसार, शिवपुरी निवासी आशा राणा (25), पति चीकू राणा, सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे उज्जैन जाने के लिए गुना स्टेशन पहुंची थीं। ट्रेन जैसे ही प्लेटफॉर्म से रवाना होने वाली थी, आशा ने सीढिय़ों के सहारे अंदर चढऩे का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगडऩे के कारण वह सीधे नीचे गिर गईं। गनीमत रही कि आसपास मौजूद यात्रियों और सतर्क रेलवे स्टाफ ने तत्काल शोर मचाया, जिससे वह ट्रेन की चपेट में आने से बच गईं।



## एनडीआरएफ के गोताखोरों ने संभाला मोर्चा, सर्च ऑपरेशन जारी

# महोदरा तालाब में मछली पकड़ने उतरे युवक का अब तक नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बमोरी विधानसभा क्षेत्र स्थित महोदरा गांव में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मछली पकड़ने गया एक 22 वर्षीय युवक अचानक तालाब के गहरे पानी में लापता हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चल सका है।



#### जाल फेंकने के दौरान संतुलन बिगड़ा

जानकारी के अनुसार, महोदरा निवासी पन्नालाल पुत्र सुरजी भील सोमवार तड़के गांव के बड़े तालाब पर मछली पकड़ने निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जाल फेंकने के दौरान संतुलन बिगड़ने या पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चला गया। काफी समय तक जब वह पानी की सतह पर ऊपर नहीं आया, तो किनारे मौजूद अन्य मछुआरों और ग्रामीणों ने शोर मचाया। गांव वालों ने अपने स्तर पर नावों और तैराकों की मदद से खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

#### एसडीआरएफ टीम ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने जिला मुख्यालय से स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) को बुलवाया। टीम लीडर बनवारी कुशवाह के नेतृत्व में धर्मेंद्र रघुवंशी, बंटी दास, हेमंत, मनोज और सोनू सहित अन्य गोताखोरों ने नाव और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ तालाब में सर्चिंग शुरू की। तालाब की गहराई और नीचे मौजूद कीचड़ व झाड़ियों के कारण रेस्क्यू टीम को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### ग्रामीणों की भीड़ जमा

खबर लिखे जाने तक पन्नालाल का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। तालाब के किनारे परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा थी, जिनकी नजरें पूरे घटनाक्रम पर टिकी हुई थीं। जिसे तालाब से दूर खड़े रखने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी पुलिस का कहना है कि सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा ,रेस्क्यू टीम कड़ी चुनौतियों का सामना करते हुए युवक को तलाश रही है।



## नानक राम ओर उनकी पत्नी की लौटी मुस्कान, कलेक्टर से की थी फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया। मौके पर मिले एक वृद्ध दंपत्ति ने जब अपनी आवश्यकता बताते हुए कहा, "साहब, ट्रायसिकल मोटर वाली हो तो बेहतर" तो कलेक्टर न सिर्फ मुस्कुराए, बल्कि पूरे ध्यान और संवेदना के साथ उनकी बात भी सुनी।

वृद्ध दंपती की स्थिति को समझते हुए कलेक्टर कन्याल ने उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दंपत्ति की जरूरतों का शीघ्र निराकरण किया जाए और उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले।इस छोटे से लेकिन भावनात्मक संवाद ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ मानवीय संवेदना भी सुशासन का अहम हिस्सा है। कलेक्टर का यह व्यवहार मौके पर मौजूद लोगों के लिए प्रेरणास्पद रहा और प्रशासन के प्रति विश्वास को और मजबूत करता नजर आया।नानक राम ओर उनकी पत्नी आज प्रसंन्न हे उनको बेटरी बाली ट्राइ- साईकल कलेक्टर महोदय ने उपलब्ध कराई

## ट्रेनों में शातिर बदमाशों का धावा, झेलम एक्सप्रेस और कोटा पैसेंजर में दो महिलाओं के पर्स चोरी, लाखों के जेवरात और नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रेलवे स्टेशन गुना के आसपास सक्रिय चोरों ने एक बार फिर यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गत दिवस गुना जीआरपी थाने में दो अलग-अलग ट्रेनों में हुई चोरी के मामले दर्ज किए गए। इन वारदातों में अज्ञात बदमाशों ने महिला यात्रियों के सोने के जेवरात, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिए। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश के सिरमौर की रहने वाली सायरा खान अपने परिवार के साथ ट्रेन नंबर 11078 झेलम एक्सप्रेस (ए-2 कोच) में अंबाला से पुणे की यात्रा कर रही थीं। रात करीब 9 बजे खाना खाकर सोने के बाद जब रात 11 बजे गुना स्टेशन के आगे उनकी नींद खुली, तो सीट के पास रखा पर्स गायब था।

पर्स में करीब 2 तोला वजनी सोने की चेन (पेंडल सहित), जिसकी कीमत 1.30 लाख रुपये बताई जा रही है, 4000 रुपये नकद, 6 एटीएम कार्ड और जरूरी दस्तावेज रखे थे। कुल 1.34 लाख की चोरी के इस मामले की डायरी जीआरपी बीना से गुना स्थानांतरित की गई है।वहीं दूसरी वारदात ट्रेन नंबर 19811 कोटा-ग्वालियर एक्सप्रेस में हुई। फरियादिया दिव्या शिवहरे कोटा से ग्वालियर की यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान जब ट्रेन गुना स्टेशन पहुंची, तो उन्होंने देखा कि उनका सामान बिखरा पड़ा है और पर्स गायब है। पर्स में 5000 रुपये नकद, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। दिव्या ने इसकी सूचना पहले ऑनलाइन दी और फिर ग्वालियर जीआरपी में मामला दर्ज कराया, जिसे अब असल कायमी हेतु गुना जीआरपी को सौंपा गया है। गुना जीआरपी ने दोनों मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## अडानी सीमेंट फैक्ट्री के लिए जमीन खाली, प्रशासन ने हटवाए ईंट भट्टे

**गुना।** जिले में औद्योगिक विकास और रोजगार को गति देने के लिए प्रस्तावित अडानी सीमेंट प्लांट की राह अब साफ हो गई है। सोमवार को तहसील गुना ग्रामीण के ग्राम मावन में प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस बल ने सर्वे क्रमांक 679/1/6/1 (रकबा 32 हेक्टेयर) पर आवंटित भूमि से ईंट भट्टा संचालकों को बेदखल कर दिया। निर्माण कार्य में बाधा बन रहे इन भट्टों को हटाने के साथ ही मौके पर बाउंड्री वॉल के लिए ट्रेंच (खाई) खुदवाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस दौरान पर्यावरण का ध्यान रखते हुए वहां मौजूद फलदार कटहल के पेड़ों को भी सुरक्षित रूप से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। कार्रवाई के समय अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि और भारी पुलिस बल तैनात रहा। लंबे समय से चल रहे इस विवाद के सुलझने के बाद अब जल्द ही बाउंड्री वॉल का निर्माण पूर्ण कर फैक्ट्री का काम शुरू होने की उम्मीद है।

## रोटरी भवन में संपन्न हुआ लिवर फाइब्रोसिस जांच व निदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्वस्थ मन, स्वस्थ शरीर का आधार है, और आज के दौर में मानसिक संतुलन बनाए रखना उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल करना। नियमित स्वास्थ्य जांच का मतलब है किसी भी बीमारी के गंभीर होने से पहले ही उसका पता लगाने के लिए समय-समय पर डॉक्टर से मिलकर ज़रूरी टेस्ट (जैसे ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, लिवर/थायरॉइड फंक्शन) करवाना, जो आपको स्वस्थ रखने, शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचानने और भविष्य की बीमारियों से बचने में मदद करता है, जिसमें शारीरिक जांच, ब्लड टेस्ट और अन्य स्क्रीनिंग शामिल हो सकती हैं उक्त बात रोटरी क्लब गुना द्वारा आयोजित स्वास्थ शिविर में मेदांता हॉस्पिटल इंदौर गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ अरुण सिंह भदौरिया ने कही साथ ही उन्होंने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। रोटरी मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि सोमवार को रोटरी भवन गुना में रोटरी क्लब गुना द्वारा स्वास्थ जागरूकता हेतु लिवर फाइब्रोसिस की जांच एवं उसके निदान हेतु जांच परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसी के साथ ही चर्म रोग विषेषज्ञ डॉ कमल भदौरिया द्वारा रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर आरंभ हुआ। स्वास्थ शिविर में रोटरी अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, सचिव राजकुमार मंगल, डॉ वी एस सिसोदिया, डॉ एल के शर्मा, रामस्वरूप गुप्ता, एस के सक्सेना, विकास जैन नखराली, श्रवण एवट, राजेश अग्रवाल, विष्णु बंसल, पवन अगवाल, गौरव उपाध्याय, देवेंद्र रघुवंशी, विपिन किरार, विशाल जैन, श्याम गर्ग, जगमोहन बंसल सहित रोटरी सदस्यों ने शिविर में सेवाकार्य कर सहभागीता की।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

#### कलेक्टर कन्याल की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

## सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा सहित हेलमेट अभियान को तेज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को 90 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। शिकायतों को सुव्यवस्थित ढंग से विभाजित कर सभी विभाग 'ए ग्रेड' प्राप्त करने का प्रयास करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि दोपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर भी हेलमेट अभियान को तेज किया जाए तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित की





गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर कन्याल ने विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए योजना में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज के अवैध उत्खनन/भण्डारण पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश खनिज अधिकारी को दिये। कलेक्टर श्री कन्याल ने ने ब्लॉकवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर आधार संबंधी समस्याओं के कारण लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु आधार कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।बैठक में श्वान की एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) अभियान में तेजी लाने के लिए नगर पालिका एवं पशुपालन विभाग को निर्देश दिए।

कलेक्टर कन्याल ने कहा कि एबीसी उपरांत सामान्य श्वान को उसी क्षेत्र में छोड़ा जाए, जबकि अधिक आक्रामक श्वान को वन क्षेत्र में छोड़ा जाए। अत्यधिक आक्रामक श्वान की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी जाए।बैठक के अंत में कलेक्टर कन्याल ने बताया कि 21 मार्च से 28 मार्च तक शिवपुरी में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसका लाभ शिवपुरी, अशोकनगर एवं गुना जिले के नागरिकों को मिलेगा।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

## बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

## पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के अजाक थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेश अहिरवार निवासी ग्राम सहसूदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेन्द्र, जीतेश, मनोज यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अर्रोन निवासी नौला बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पुत्र भूरा बंजारा ने उसकी डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढेकन निवासी सुल्तान खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा और उसके पति गजभान खंगार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजा खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुल्तान, राहुल, और शैलेन्द्र खंगार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नादनखेडी निवासी कैलाश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अवधनारायण यादव और सुषमा बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है जिले की ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम गहोरा निवासी अमृतलाल लोधी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने ही ग्राम कोहरवास निवास जयपाल राय से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने भुजवल लोधी निवासी ग्राम पारकना के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सुरक्षा जवान हेतु भर्ती शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** एसआईएस इण्डिया लिमिटेड कमाण्डेट ट्रेनिंग सेण्टर सिंगरौली द्वारा सुरक्षा जवानों की भर्ती हेतु भर्ती शिविरों का आयोजन थाना स्तर पर किया गया है। यह शिविर 20 दिसम्बर को थाना परिसर शाढौरा ,21 एवं 22 दिसम्बर को थाना परिसर कचनार, 23 दिसम्बर को थाना परिसर चंदेरी, 24 दिसम्बर को थाना परिसर मुंगावली, 25 दिसम्बर को थाना परिसर नईसराय, 27 दिसम्बर को थाना परिसर पिपरई, 28 दिसम्बर को थाना परिसर बहादुरपुर, 29 दिसम्बर को देहात थाना अशोकनगर, 30 दिसम्बर को थाना परिसर सेहराई, 31 दिसम्बर को थाना परिसर कदवाया,02 जनवरी 2026 को कोतवाली अशोकनगर परिसर, 03 जनवरी 2026 को चैकी राजपुर परिसर,07 जनवरी 2026 को चैकी भादौन परिसर तथा 08 जनवरी 2026 को सारसखेड़ी चैकी परिसर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, आयोजन स्थल की भक्तों ने की 7 परिक्रमा

# मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति व विश्व शांति महायज्ञ के साथ भव्य गजरथ महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के अंतिम दिन भगवान को मोक्ष की प्राप्ति होने के बाद विश्व शांति महायज्ञ और गजरथ महोत्सव का आयोजन राष्ट्र संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित किया गया। मोक्ष कल्याणक दिवस खुशियों के साथ मनाया गया, इस मौके पर विश्व शांति की कामना को लेकर महायज्ञ किया गया। दोपहर 1 बजे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बनाई गई अयोध्या नगरी से गजरथ महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मोक्ष प्राप्ति के बाद भगवान गजरथ पर सवार होकर निकले, इस गजरथ की फेरी में मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ससंघ शामिल हुए कलेक्टर आदित्य सिंह और एसपी राजीव कुमार मिश्रा भी इस गजरथ की फेरी में परिक्रमा लगाते हुए देखे गए।

### मोक्ष कल्याणक पर अर्ग समर्पित हुए, महायज्ञ का आयोजन हुआ

पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में और प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया और सहयोगी मुकेश भैया के निर्देशन में यह सम्पूर्ण आयोजन हुआ। भगवान के पांच कल्याणक के अंतिम दिन भगवान को मोक्ष की प्राप्ति का दिवस था जिसे मोक्ष कल्याणक के रूप में मनाया गया। प्रतिदिन के होने वाले कार्यक्रमों के साथ मोक्ष कल्याणक दिवस की पूजा की गई, अर्ग समर्पित किए गए और विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। यहां मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन हुआ, इसी के साथ पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हो गया है। यह महोत्सव अशोकनगर शहर के लिए अब तक सभी धार्मिक पर्वों में सबसे बड़ा आयोजन था। जो 9 दिसंबर से लगातार 15 दिसंबर तक चला।

### जैन धर्म में मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य

जैन धर्म मे मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य है, जिसका अर्थ है सभी भौतिक कर्मों से पूरी तरह मुक्त हो जाना और जन्म मरण के चक्र से सदा के लिए निकल जाना। जिससे आत्मा अपने शुद्ध और शक्तिशाली स्वरूप मे सिद्ध शिला पर विराजमान हो जाती है जो कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र के द्वारा प्राप्त होता है। मोक्ष आत्मा की वह अवस्था है जब वह सभी 8 प्रकार के कर्मों से मुक्त हो जाती है। मोक्ष प्राप्ति के बाद जीव फिर कभी जन्म नहीं लेता, मोक्ष के लिए सच्ची श्रद्धा, सच्चा ज्ञान और सच्चा आचरण हमें सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरिच से प्राप्त होता है। मोक्ष कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण क्रियाएं आयोजित हुईं। मुनिश्री की मंगल देशना के माध्यम से मोक्ष कल्याणक का महत्व बताया गया।





### गजरथ की फेरी आर्कषण का केन्द्र रही

दोपहर 1 बजे पंच कल्याणक के सबसे विशेष दिन कहे जाने वाले गजरथ महोत्सव के मौके पर अशोकनगर के साथ पड़ौसी गुना, शिवपुरी, विदिशा और सागर जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और इस आयोजन में हाथी पर विराजमान होकर श्रीजी निकले, इस रथ को दो हाथी खींच रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से इन हाथियों को जंजीरों से बांधकर निकाला गया। इस गजरथ के फेरी में एक चांदी के रथ में भी श्रीजी निकले। एक आर्टिफिशयल रथ भी आर्कषण का केन्द्र था तथा एक रथ में भी पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों को बैठने का अवसर मिला। मुनिश्री सुधासागर जी महाराज इस गजरथ में सबसे आगे चल रहे थे उनके साथ कलेक्टर आदित्य सिंह, एसपी राजीवकुंमार मिश्रा,जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, मंत्री विजय धुर्रा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी सहित अनेक जन शामिल थे। एक तरफ पुरूष वर्ग तो दूसरी ओर महिला वर्ग चल रहा था। 7 बैण्ड इस गजरथ की फेरी के आर्कषण के केन्द्र थे, इस दौरान महिलाएं और पुरूष इस चल समारोह मे नांचते गाते हुए देखे गए। जैनेश्वरी दीक्षा के बाद ऐलक संघ भी

### आज से प्रतिमाएं जिन मंदिरों में होंगी विराजमान

शहर के सुभाषगंज, पुराना गांव जैन मंदिर, त्रिकाल चैबीसी मंदिर और पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान होने वाली प्रतिमाओं की पंच कल्याणक में प्रतिष्ठा होने के बाद अब उन्हें मंदिरों में विराजमान किया जाएगा। जो बाहर से प्रतिमाएं प्रतिष्ठित होने के लिए आईं थीं।

### गर्भवती महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**अशोकनगर।** संचालनालय आयुष भोपाल मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शाढौरा द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र बनिया कुआं शाढौरा पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें उन्हें आहार पोषण परामर्श एवं गर्भावस्था में होने वाले योगाभ्यास की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ दीपाली चैधरी सीएमओ, श्रीमती प्रभा कुशवाह महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ओमवती बुनकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं रानी माथुर आंगनवाड़ी सहायिका उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत सुप्रजा कार्यक्रम के तहत किया गया।

### अनिल अग्रवाल एडवोकेट पर हमला



**अशोकनगर।** एडवोकेट अनिल अग्रवाल पर उस समय हमला किया गया जब वह सिविल न्यायालय से अपना कार्य पूरा कर घर वापिस जा रहे थे तभी उन पर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलाते समय हमला किया गया। जिससे उनको गंभीर चोटें आई है उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनिल अग्रवाल ने बताया कि 4 से 5 लोग आए थे उनके हाथ मे लकडी के बेटें थे एक को वह पहचानते हैं जिसका नाम प्रदीप है उस पर पूर्व से मामले चल रहे हैं। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने बताया कि 4 से 5 लोगों द्वारा उन पर हमला किया गया है। उनको कईं जगह चोटे आई हैं। जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। टीआई रविप्रताप सिंह चैहान ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा यह हमला किया गया है जिसमें एक प्रदीप का नाम भी शामिल है मामला दर्ज कर लिया गया है।

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का पंचम दिवस

# कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन, भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



नगर के प्रसिद्ध मनसापूर्ण हनुमान मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। भोपाल से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास सिद्धांत जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का भावपूर्ण एवं रसपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

कथा के दौरान सिद्धांत जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था में ही अनेक अद्भुत लीलाएँ कर वृन्दावन एवं ब्रजवासियों के जीवन को आनंद और भक्ति से भर दिया। उन्होंने माखन चोरी, गोप-ग्वालों के साथ खेल, यमुना तट पर की गई लीलाएँ तथा ब्रज रज में विचरण करते हुए भगवान के सरल, सहज और प्रेममय स्वरूप का सुंदर चित्रण किया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएँ केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भक्तों को प्रेम, विश्वास और भक्ति का मार्ग दिखाती हैं। इस अवसर पर कालिया नाग दमन की कथा का विशेष रूप से वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यमुना नदी को विषैला करने वाले कालिया नाग के अहंकार को भगवान श्रीकृष्ण ने समाप्त कर जीवों की रक्षा की। इस प्रसंग को सुनकर श्रोतागण भगवान के साहस, करुणा और भक्तवत्सल स्वभाव से अभिभूत हो उठे। विश्राम कालीन बेला में कथा व्यास द्वारा विधिवत गिरिराज महाराज का पूजन कराया गया। उन्होंने गिरिराज पर्वत की महिमा बताते हुए कहा कि गिरिराज भगवान भक्तों की रक्षा करने वाले, संकट हरने वाले और सच्ची भक्ति के प्रतीक हैं। गिरिराज पूजन के दौरान पूरे पंडाल में "गिरिराज महाराज की जय" के जयकारे गूंज उठे और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। कथा के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ भाव-विभोर होकर आनंद प्राप्त किया। सम्पूर्ण परिसर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के रंग में रंगा रहा। पंचम दिवस की कथा ने श्रद्धालुओं के हृदय में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और आस्था को और अधिक दृढ़ कर दिया।

# कलेक्टर ने रेन बसेरा,बस स्टैंड, मोहरी राय की गौशाला और वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को कलेक्टर आदित्य सिंह ने एक साथ कईं स्थानों का निरीक्षण किया इस दौरान शहर में रैन बसेरा के साथ नया बस स्टेण्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने मोहरी की गौ शाला देखी और वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धों की जानकारी ली और उन्हें सामग्री प्रदान की।

### ग्राम मोहरी राय की गौशाला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर आदित्य सिंह उन्होंने मोहरी राय की गौशाला का निरीक्षण किया और शीत लहार से बचाव हेतु गौवंश के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में पेयजल, विद्युत, टीनशेड के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौशाला में गौवंश को औषधियुक्त लड्डू खिलाये तथा ठंड से बचाव हेतु अंगवस्त्र पहनाया। उन्होंने गौशाला में गौवंश की देखरेख करने वाले गौसेवकों का सम्मान किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, जनपद सीईओ शैलेन्द्र यादव, तहसीलदार भारतेन्दु यादव सहित गौसेवक सोनू जैन साथ थे।





### कलेक्टर ने किया रेन बसेरा और नया बस स्टैंड का निरीक्षण

कलेक्टर ने सोमवार की रात्रि में जिला मुख्यालय अशोकनगर के रेन बसेरा एवं नया बस स्टेण्ड का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेन बसेरा पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रेन बसेरा ठहरने वाले लोगों सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखे जाने के निर्देश दिए। साथ ही रेन बसेरा की रंगाई-पुताई, खिड़की दरवाजों के दुरूस्तीकरण तथा ठण्ड से बचाव हेतु अलाव एवं पर्याप्त कंबलों की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नया बस स्टेण्ड में यात्री प्रतीक्षालयों, बसों की रूटचार्ट अनुसार टाइमिंग के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नया बस स्टेण्ड में महिला प्रतीक्षालय को सुदृण कराये जाने साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखे जाने तथा अलाव जलवाये जाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया।

### वृद्धाश्रम का निरीक्षण

कलेक्टर ने सोमवार को जनपद पंचायत के शंकरपुर मगरदा में संचालित अपना घर वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में दर्ज 25 वृद्धजनों को नाश्ता, भोजन, स्वास्थ्य चेकअप के संबंध में जानकारी ली। चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों के चेकअप रजिस्टर संधारित किये जाने के निर्देश वृद्धाश्रम संचालक कालीचरण शर्मा को दिए। इस दौरान कलेक्टर द्वारा वृद्धजनों को ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुये गरम कंबलों का वितरण तथा खाने की सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वृद्धजनों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निराकरण संबंधित अधिकारियों को दिए।

# विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन समय पर करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का जिला स्तर पर क्रियान्वयन समय पर किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा समय-समय पर विभागों को विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन निर्देश प्रसारित किए जाने हैं। प्राप्त निर्देशों के तहत संबंधित विभागों द्वारा कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। जिले के विकास की कड़ी को दृष्टिगत रखते हुये कार्य कराए जाएं। आमजन को स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,किसान कल्याण, मत्स्य पालन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के माध्यम से लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत ट्रांस्फार्मरों के रख-रखाव तथा समय पर निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए जिससे किसी अनहोनी घटना से बचा जा सके। उन्होंने सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी शिकयतों का निराकरण प्राथमिकता से कराकर ग्रेडिंग में सुधार लाएं। समाधान ऑनलाइन से संबंधित विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाकर निराकरण की कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गौशालाओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जाएं। छात्रावासों का निरीक्षण उपरांत अधिकारी निरीक्षण प्रतिवेन समय पर भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही विभागीय निरीक्षण के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जाए। विभागों में परमार्शदात्री समितियों की नियमित रूप से बैठकों का आयोजन कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाए। समग्र ई.के.वाय.सी कराए जाने हेतु शिविरों का आयोजन कर पात्र लोगों को लाभ दिलाया जाए। उन्होंने पी.एम. पोषण आहार की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उमंग स्वास्थ्य केन्द्र,साथिया कार्यक्रम, राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह, उच्च शिक्षा विभाग में जिला टास्क फोर्स समिति के गठन एवं दिशा निर्देशों का परिपालन,निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिकों के श्रमकार्ड विभागों द्वारा बनवाए जाने के संबंध में विस्तार से समीक्षा का विस्तृत निर्देश दिए गए। बैठक में 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अंतर्गत ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय स्तर पर शिविरों के आयोजन तथा जिला स्तर पर 23 दिसम्बर को कार्यशाला आयोजित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह संयुक्त कलेक्टर आर.बी. आदि रहे मौजूद।

# माता-पिता, गुरु व देवी-देवता का आशीर्वाद हमेशा फलीभूत होता है

**अशोकनगर।** नईसराय के सुरई मैदान में श्री राम कथा के छठवें दिन जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने भगवान श्री सीताराम जी के विवाह की कथा को सुनते हुए कहा पुष्प वाटिका में श्री राम और सीता का पहली बार मिलन हुआ। श्री राम को गुरु विश्वामित्र ने आशीर्वाद दिया इसलिए मनोरथ सफल हुआ वहीं दूसरी और माता गौरी ने सीता जी को मनोरथ सफल होने का आशीर्वाद दिया इसलिए श्री राम पति के रूप में प्राप्त हुए।

माता-पिता गुरु एवं देवी देवता का आशीर्वाद हमेशा फलीभूत होता है लेकिन हम लोग उनमें श्रद्धा नहीं रखते हैं इसी कारण हमारे जीवन के सारे कार्य फेल हो जाते हैं एवं अधूरे रह जाते हैं हमारे अंदर से श्रद्धा के प्रति अविश्वास पैदा होता जा रहा है इसी कारण सांसारिक के लोग दुखी होते जा रहे हैं। जनकपुर धनुष यज्ञशाला में बड़े-बड़े राजा लोग बैठे हुए थे पर गुरु जी के आशीर्वाद से श्री राम ने धनुष को तोड़ा और सीता जी से नाता जोड़ा भगवान के जनकपुर में चार प्रकार के विवाह हुए हैं। पुष्प वाटिका में गंधर्व विवाह हुआ सीता जी ने राम जी के गले में वरमाला डाली यह स्वयंवर हुआ राम जी ने धनुष को तोड़ा वह पूर्ण विवाह हुआ



और राम जी ने सीता जी के साथ-सात फेरे लिए वह लौकिक विवाह हुआ। सीता जी के विदाई के समय माता सुनैना ने शिक्षा देते हुए कहा की पुत्री का यही कर्तव्य है ससुराल में रहकर सास ससुर और गुरु जनों की सेवा करें। पर आज इसके विपरीत हो रहा है आजकल की मां अपनी बेटी को संस्कार नहीं देती हैं। इसलिए ससुराल में जाकर महाभारत की स्थिति पैदा कर देती हैं और थोड़े से विवाद में ही घर छोड़कर मायके आ जाती है या फिर तलाक लेकर दूसरों से शादी करती फिर रही है। रामचरितमानस की शिक्षा हमारे लिए संस्कार देने का कार्य करती है पर आज के दौर में मां-बाप अपने पुत्र और पुत्री को राम कथा सुनने के लिए प्रेरित नहीं करते हैं बल्कि राम कथा से दूर रखना के विचार रखते हैं। कथा में प्रमुख रूप से कथा की व्यवस्थापक सुरेश सिंह रघुवंशी,बाबूलाल सोनी रामचरण सिंह रघुवंशी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित है।

# सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताएं 14 दिसम्बर से अशोकनगर के संजय स्टेडियम ,रोटरी क्लब, मुस्कान पब्लिक स्कूल में आयोजित कराई जा रही हैं। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजन के द्वितीय सोमवार को कबड्डी, हैंडबॉल, वूशु,वॉलीबॉल (शूटिंग ),अष्टा चंगा, चपेटा,आदि खेलों के आयोजन पूर्व विधायक, धर्मेंद्र रघुवंशी जजपाल सिंह, महेंद्र भारद्वाज, सचिन चैधरी, सुनील त्रिपाठी, सोनू सुमन, मनीष धुरंटे की उपस्थिति में संपन्न कराए गए। खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल परिणाम इस प्रकार रहे।

हैंडबॉल खेल में जूनियर बालक वर्ग में मुस्कान पब्लिक स्कूल विजेता एवं अशोक नगर हैंडबॉल एसोसिएशन उपविजेता रहे, एवं जूनियर बालिका वर्ग में अशोकनगर हैंडबॉल एसोसिएशन विजेता एवं मुस्कान पब्लिक स्कूल उपविजेता रहे। हैंडबॉल खेल के संयोजक अवधेश शर्मा एवं कोच के रूप में महेंद्र रघुवंशी एवं वसीम खान उपस्थित रहे। अष्टा चंगा खेल में सीनियर बालक वर्ग में मुंगावली के सुंदर पाल ने प्रथम स्थान एवं ईसागढ़ के देव भार्गव ने द्वितीय स्थान पाया वहीं जूनियर बालक वर्ग में चंदेरी के जैद जुल्फिकार ने प्रथम एवं अशोकनगर के राज सेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालिका अष्टाचंगा में जागृति रघुवंशी विजेता रही। चपेटा खेल में अशोकनगर की कुमारी सहेली कुशवाहा ने प्रथम स्थान एवं मुंगावली की प्राची तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक वॉलीबॉल शूटिंग का फाइनल मुकाबला चंदेरी और ईसागढ़ ब्लॉक की टीमों के मध्य खेला जा रहा था। रोटरी क्लब अशोक नगर में वूशु खेल में विभिन्न कैटिगरी के मुकाबले खेले जा रहे हैं जो की समाचार लेकर जाने तक मैच जारी थे। इन खेलों में संयोजक के रूप में बृजेश धुरेंटे,शालिनी श्रीवास्तव, राजकुमार खरे आदि उपस्थित रहे। कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में मुंगावली विजेता एवं अशोक नगर उप विजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में अशोकनगर (शाडोरा) विजेता एवं मुंगावली उप विजेता रहे। सीनियर बालिका वर्ग में मुंगावली टीम विजेता रही। सीनियर पुरुष वर्ग कबड्डी में फाइनल मैच मुंगावली और ईसागढ़ टीम के मध्य खेला जा रहा था। इन खेलों के दौरान ओपी शर्मा क्रीड़ा अधिकारी, प्रह्लाद श्रीवास्तव, शशिकांत भार्गव,मनोज राठौर, राजकुमार रघुवंशी, अशोक ओझा, शब्बीर आदि रहे मौजूद।

### घटना खानपुरा गांव के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास की

# तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, 2 महिलाओं की मौत, 3 गंभीर रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के लिए पदयात्रा कर रही महिला श्रद्धालुओं के एक जत्थे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना ब्यावरा से लगभग 7 किलोमीटर दूर खानपुरा गांव के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास हुई। चाचैड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खेरबे निवासी ये महिलाएं एकादशी के अवसर पर ब्यावरा स्थित खाटू श्याम मंदिर जा रही थीं। गुना की ओर से आ रही एक सियाज कार (क्रमांक एमपी 19 सीबी 7825) ने इन पदयात्री श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई दूसरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया वहीं 3 अन्य महिलाएं रेफर की गई है। वहीं सिटी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामला दर्ज का दुर्घटना के कारणों की जांच हो रही है।

#### भविष्य में सुरक्षा तय करने उठाने होंगे कदम

घटना के बाद पुलिस विभाग के एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा तहसीलदार सुभाष अलावे और थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनर्रावृत्ति न हो इसको लेकर सुरक्षा कदम उठाए जाएंगे।

#### तीन महिलाएं भोपाल रेफर

हादसे में सीमाबाई गुर्जर पति जसबंत गुर्जर 28 साल निवासी खेरवे चक की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चिंताबाई पति जगदीश उम्र 40 निवासी खेरवे चक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शीतल बाई उम्र 18, सीमा बाई पिता विष्णु उम्र 30 और रामकंवर बाई पिता जगदीश घायल हुईं हैं। सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल ब्यावरा ले जाया गया, जहां कार जब्त, चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है सूचना मिलते ही सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक महिलाओं के शवों का सिविल अस्पताल ब्यावरा में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही।



### नगर स्थित छोटे श्रीनाथजी मंदिर में चल रहे कार्य का मामला

# राशि के अभाव में 4 महीने से बंद है मंदिर जीर्णोद्धार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इसे विडंबना ही कहा जाएगा जो सैकड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े छोटे श्रीनाथजी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य राशि के अभाव में बीते करीब 4 महीनों से बंद पड़ा हुआ है। दरअसल, धर्मस्व विभाग ने लोक निर्माण विभाग को कुल राशि में से 60 फीसदी का भुगतान तो कर दिया है लेकिन बाकी की राशि अभी तक न आने के चलते ठेकेदार ने काम रोक रखा है।

#### क्या है पूरा मामला

स्थानीय राजमहल गेट के समीप स्थित छोटे श्रीनाथजी की हवेली काफी प्राचीन होकर जीर्ण-शीर्ण हो चुकी थी। ऐसे में पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा के प्रयासों से धर्मस्व विभाग ने मंदिर जीर्णोद्धार के लिए करीब 66 लाख रुपए स्वीकृत करवाए थे। जीर्णोद्धार कार्य हेतु पीडल्यूडी ने एजेंसी फिक्स करते हुए कार्य करवाना शुरू करवा दिया लेकिन करीब 4 महीनों से यह काम बंद पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि धर्मस्व विभाग ने कुल स्वीकृत राशि में से 60 फीसदी का भुगतान तो पीडल्यूडी को कर दिया है लेकिन शेष राशि अभी तक नहीं भिजवाई गई है। ऐसे में संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य रोक रखा है। मंदिर से जुड़े सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित आमजनों द्वारा मांग की जा रही है कि राशि के अभाव में कमसकम मंदिरों से जुड़े कार्य तो नहीं रुकने चाहिए।

#### इनका कहना है...

धर्मस्व विभाग ने 60 फीसदी राशि का भुगतान तो कर दिया है लेकिन शेष राशि उनके द्वारा अभी तक नहीं भिजवाई गई है।

**दीपक कुमार**, कार्यपालन यंत्री, पीडल्यूडी, राजगढ़

#### इनका कहना है...

गलती धर्मस्व विभाग की नहीं है। पीडल्यूडी ने शेष राशि का प्रस्ताव सीधा संचालनालय भिजवा दिया था जबकि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार हमें भिजवाना था। अब प्रस्ताव मिल चुका है। एक-दो दिन में राशि रिलीज कर देंगे।

**श्री मालवीय**, धर्मस्व विभाग, उज्जैन

### मंडी प्रांगण में प्रेसवार्ता कर दी गई जानकारी

# सराफा व्यापारी के यहां हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के शिवजी चौक स्थित सराफा व्यापारी कमलेश डावर की दुकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। 9 और 10 दिसंबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।एसडीओपी मिनी शुक्ला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पाल पिता मांगीलाल (उम्र 18 वर्ष), निवासी भुराखेड़ी थाना चाचैड़ा जिला गुना तथा अंशुल मीणा पिता प्रीतम मीणा (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम खरेटिया थाना मलावर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 3.4 किलोग्राम चांदी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख रुपये है, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है, तथा ताला तोड़ने का एक सब्बल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

#### मंडी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं पहुंच सके एसपी

चोरी के मामले के खुलासे को लेकर मंडी प्रांगण में प्रेस वार्ता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में एसपी के पहुंचने की सूचना दी गई थी, लेकिन उनके अनुपस्थित रहने पर एसडीओपी मिनी शुक्ला ने ही पूरे मामले का खुलासा किया। प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा करने पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों को बधाई दी।

## प्रदेश की लाड़ली बेटियां, भविष्य की सशक्त पहचान : मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** सोमवार को राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छात्रावास एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने विद्यालय परिसर में छात्राओं से आत्मीय संवाद किया और उनकी सृजनात्मक कलाकृतियों का अवलोकन कर प्रतिभा की चमक को नजदीक से देखा। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश की ये लाड़ली बेटियाँ शिक्षा, कला और संस्कारों के साथ आगे बढ़कर हर क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाएंगी और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री टेटवाल ने छात्रावास में हुए नवीन निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा उनके सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुरक्षित आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### कार्य की प्रगति, पारदर्शिता एवं समन्वय पर हुई विस्तृत चर्चा

# संभागायुक्त संजीव सिंह ने की एसआईआर कार्य की समीक्षा




**राजगढ़।** भोपाल संभाग कमिश्नर संजीव सिंह की अध्यक्षता में सोमवार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे जिन्होंने जिले में हुए एसआईआर कार्यों की सराहना की। साथ ही फील्ड स्तर पर बीएलओ द्वारा दिन-रात किए जा रहे कार्यों के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जो मतदाता पलायन कर चुके हैं, उनका पता लगाकर फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरवाए जाएं। नो-मैपिंग क्षेत्रों में नोटिस जारी कर सभी ईआरओ द्वारा सुनवाई सुनिश्चित की जाएएवं जहां भी विसंगतियां नजर आएं उनका तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिन एसआईआर कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान रिकार्ड की पुख्ता जांच सुनिश्चित की जाए। एईआरओ को निर्देशित किया गया कि वे एसआईआर कार्यों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करें तथा 15 से 20 बूथों पर पहुंचकर क्रॉसचेक करें। स्थायी पलायन एवं नो-मैपिंग क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र मतदाताओं की एसआईआर में मैपिंग हो। बैठक में कमिश्नर ने जनप्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी ली एवं एसआईआर प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### सभी एसडीएम व ईआरओ को दिए निर्देश

कमिश्नर ने सभी ईआरओ एवं एसडीएम को उचित दस्तावेजीकरण, पुनः जांच तथा शुद्ध एवं पुख्ता डेटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से ज्ञान सिंह गुर्जर, अमित शर्मा, कांग्रेस से राशिद जमील, बसपा से रघुवीर सिंह उपस्थित रहे।

# शिवमहापुराण कथा की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** नगर के किशनगढ़ मोहल्ला गाड़ी अड्डा में शिव महापुराण कथा का साथ दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। प्रातः नगर के श्री राम मंदिर कुशवाहा मोहल्ला से शिव महापुराण शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बुधवारिया बाजार होते हुए कथा स्थल पहुंची। महिलाएं कलश धारण कर भारतीय वेशभूषा में शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी।राधे रानी सरकार समिति द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक पंडित ललित नागर सेंधवा वाले के मुखारविंद से श्रवण कराई जाएगी जिसमें प्रथम दिवस कथा वाचक पं. नागर ने बताया कि मेरे जीवन कि यह 227 नम्बर की कथा है जो आपको सुनाई जा रही है। नगर के भक्त गण बहुत सोभाग्य शाली है क्योंकि हमारी कथा जगन्नाथ पुरी में थी वहां के बाद यह कथा जीरापुर नगर में हो रही है। उन्होंने कहा कि शिव है तो सब कुछ है शिव भक्ति बहुत सरल है, भोलेनाथ ने कभी यह नहीं कहा कि मेरी आराधना चोखट पर लम्बे समय तक करें वह तो नाममात्र एक लोटा जल से प्रसन्न हो जाते हैं।

# दशम अखिल भारतीय ज्योतिष तंत्र वास्तु महासम्मेलन का समापन

**कुरावर।** नगर में चल रहे ज्योतिष सम्मेलन का समापन रविवार को हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार सुबह 9 बजे होटल एमसीआर में क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा एवं विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य डॉक्टर एचएस रावत द्वारा किया गया तो समापन नरसिंहगढ़ महाराज पूर्व विधायक राजवर्धन सिंह महामंडलेश्वर राम गिरि महाराज महामंडलेश्वर प्रफुल्ल तीर्थ मनेश्वरनंद महाराज कामाख्या पीठ से त्यागी बाबा भूपेन्द्र महाराज देवास वाले गुरु जी ने किया। आयोजक ज्योतिष आचार्य लखमीचंद चैधरी ने बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष से 288 ज्योतिष विद्वानों ने भाग लिया और अलग-अलग विषय पर ज्योतिष वास्तु तंत्र टैरो कार्ड फेस रीडिंग अंकगणित सामुद्रिक शास्त्र तत्व एवं रमल पर अपने उद्बोधन दिए एवं जनता का निशुल्क परामर्श किया दो दिवसीय कार्यक्रम में हर सत्र में अलग विषय रखा गया और विषय पर सभी विद्वानों ने अपने राय रखी



कार्यक्रम में पंडित गंगा प्रसाद शास्त्री पंडित सी आर शर्मा गौतम मुकेश बाबा पंडित के आर उपाध्यय आनंद वरदानी पंडित रामकिशोर वैदिक पंडित अरविंद पचैरी टैरो कार्ड रीडर पूजा दुबे डॉक्टर शैलजा श्रीवास्तव नीलेश अग्रवाल पंडित अवधेश पांडे बस्ती उत्तर प्रदेश हीतानंद महाराज काशी सहित अन्य कइ विद्वान सम्मिलित हुए कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शाहिद सैफी ने किया एवं आभार पं. राजेश शर्मा पंडित कमल शर्मा पंडित संतोष शर्मा ने माना।

# नवोदय विद्यालय रातीबढ़ से 2 छात्र लापता, जिनमें 1 राजगढ़ से

### चार दिन से लगातार खोजबीन के बाद भी नहीं लगा पता



**राजगढ़।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबढ़ जिला भोपाल की कक्षा नवमीं में अध्ययनरत दो छात्र गत 13 दिसंबर से स्कूल से लापता हैं। इन छात्रों में राजगढ़ जिले का एक विद्यार्थी भी शामिल है। स्कूल प्रबंधन, पुलिस एवं बच्चों के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी दोनों छात्रों का अब तक कोई पता नहीं लग पा रहा है। जानकारी के अनुसार भोपाल जिले के रातीबढ़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा नवमीं में पढ़ने वाले दो छात्र धीरज पिता करनसिंह गुर्जर निवासी जाटियाखेड़ी, तहसील ब्यावरा एवं अंकित पिता सर्जन सिंह गुर्जर निवासी कढ़ैया कोटा, बैरसिया गत 12 दिसंबर की रात्रि तक स्कूल में देखे गए थे। लेकिन, इसके उपरान्त 13 दिसंबर से अचानक दोनों विद्यालय परिसर से लापता हो गए। स्कूल प्रबंधन ने इस बारे में रातीबढ़ थाना सहित दोनों छात्रों के अभिभावकों को तत्काल सूचना भिजवाई। रातीबढ़ पुलिस के साथ दोनों बच्चों के परिजन भी अपने स्तर से उन्हें खोजने के प्रयास में लगे हुए हैं। राजगढ़ के छात्र धीरज के पिता करनसिंह ने बताया कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों सहित हर संभव स्थानों पर अपने बच्चे को तलाश कर लिया है लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं लग पाया है।

# स्टेट कराते चैंपियशनशिप में खेल प्रतिभाओं ने जीते कई पदक

### इंदौर के डेली कॉलेज में संपन्न हुई दो दिवसीय स्पर्धा




**राजगढ़।** गत 12 एवं 13 दिसंबर को इंदौर के डेली कॉलेज में मध्य-प्रदेश स्टेट कराते चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में जिले की कई होनहार खेल प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई मेडल हासिल किए। क्रीडा भारत राजगढ़ जिला मंत्री एवं कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में अवयुत पिता जीतेंद्र सेन ने अंडर-7 इयर कैटेगरी में कांस्य पदक, बसंत पिता हेमराज विश्वकर्मा ने 18 प्लस कैटेगरी में सिल्वर पदक, अवनी पिता योगेश शर्मा ने अंडर-13 में कांस्य पदक, आराध्य पिता रोहित मौर्य ने अंडर-12 कैटेगरी में कांस्य पदक, प्रतिष्ठा पिता लखन लोधी ने अंडर-21 कैटेगरी में कांस्य प्रदक प्राप्त किया है। कराते में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल करने वाली ये सभी खेल प्रतिभाएं आगामी 2 से 6 जनवरी 2026 में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु के सेलेक्शन सम्मिलित होंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीडा भारती एवं कराते संघ के पदाधिकारी सचिन शर्मा, कंचन सोनी, सुनील बाफना, इंदरनारायण श्रीवास, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिंची, घनश्याम कुशवाह सहित अन्य ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## लोधा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सारंगपुर।** लोधा समाज द्वारा आयोजित क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह में सहभागिता के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष पंकज लोधा का जयनगर में पटेल कृषि फार्म आगर रोड स्थित फार्म हाउस पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वागत कार्यक्रम में विशेष रूप से पटेल,ओंकार सिंह,पार्षद भानु सिंह, विनोद लववंशी (मंडल उपाध्यक्ष), सरपंच इंदर सिंह, बाबूजी, प्रभु लाल, पीरू लाल दल्ला लाइनमेन समंदर मंत्री शांतिलाल लववंशी, ग्यारसी राम कुलारिया साहब, लाड सिंह देवी सिंह पटेल साहब राधानगर, शांतिलाल यशवंत केसर सिंह पवन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, प्रतिभाओं के सम्मान और सामाजिक उत्थान पर चर्चा की गई। उपस्थित समाजबंधुओं ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज लोधा के मार्गदर्शन को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### जांच में मिला गंदगी का अंबार, सिर्फ सैंपल की खानापूर्ति कर लौटे अधिकारी

# टोस्ट फैक्ट्री सपना इंटरप्राइजेज का लायसेंस रद्द, एफएसएसआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एसएस इंटरप्राइजेज भोपाल के पवन रोस्टेड ब्रेड ब्रांड पर भरोसा करना बंद कर दें, जिसे आप हर सुबह नाश्ते में खाते हैं। ब्यावरा शहर के सबसे चर्चित मार्ग शासकीय हॉस्पिटल रोड एसडीएम ऑफिस के सामने और मल्टीफेसिलिटी हेल्थ सेंटर के नीचे बेसमेंट पर प्रतिष्ठित और लोकप्रिय ब्रेड का दावा करने वाली एक फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारी शिवराज पावक ने रविवार को सैंपलिंग की कार्यवाही की गई है। जनहित से जुड़ी यह खबर आपको अंदर तक हिला देगी, क्योंकि जिस माहौल में ब्रेड बन रही थी, वह किसी डरावनी फिल्म के सेट से कम नहीं था।

#### फैक्ट्री नहीं, गंदगी का गोदाम

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने जब रविवार को फैक्ट्री पर औचक धावा बोला, तो वहां का मंजर विचलित




कर देने वाला था। हर तरफ पसरी गंदगी, बदबू और घोर अनियमितताएं देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। चूहों और कॉकरोच का बसेरा उत्पादन क्षेत्र में, जहां ब्रेड पैक हो रही थी, वहां चूहों की मौजूदगी के पुख्ता सबूत मिले हैं। साथ ही, कॉकरोच और अन्य कीड़े-मकोड़े खाद्य सामग्री के बीच रेंगते पाए गए। सड़ी-गली सामग्री का अंबार बड़ी मात्रा में इस्तेमाल हो चुका और काला पड़ चुका तेल (जिसे बार-बार इस्तेमाल किया जा रहा था), फफूंदी लगी मैदा, और एक्सपायर्ड प्रिजर्वेटिव्स का जखीरा बरामद हुआ।

#### टोस्ट बनाने वाली जगह पर फैली थी गंदगी

उत्पादन क्षेत्र में गंदगी ब्रेड बनाने वाले मुख्य हॉल में फर्श पर पानी और तेल फैला हुआ था। मशीनों की सफाई महीनों से नहीं हुई थी। अधूरी कार्रवाई इतनी गंदगी के बावजूद, अधिकारियों ने सिर्फ कुछ तैयार ब्रेड और कच्चे माल के नमूने लिए। नियमानुसार, यदि प्रथम दृष्टया खाद्य सामग्री असुरक्षित पाई जाती है, तो तत्काल प्रभाव से उत्पादन बंद कर फैक्ट्री को सील किया जाना चाहिए था। सुरक्षा का बुरा हाल है, जहां लिए गए कई सैंपल अक्सर फेल हो जाते हैं, फिर भी प्रभावी कार्रवाई नदारद रहती है। विभाग ने अपनी जिम्मेदारी सिर्फ सैंपल लेने तक सीमित कर दी है, जिससे मिलावटखोरों और लापरवाह उत्पादकों के हौसले बुलंद हैं।

#### इनका कहना है...

हमारी फैक्ट्री में गंदगी मिलने के कारण लायसेंस रद्द हो गया है अधिकारी बोल रहे हैं कि जल्दी हो जाएगा इसका समाधान

**पवन पालीवाल**, एसएस इंटरप्राइजेज ब्यावरा